17 Ambikapur-BHOOMI-pg 1-0_Layout 1 7/17/2024 10:00 PM Page 1


तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 18 जुलाई 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


4 वर्षा की कमी से सरगुजा की स्थिति खतरनाक कहीं खेतों में पड़ी दरारें तो कहीं उड़ रही धूल




ए.के. पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट
BMLT | DMLT | D.Pharma | BPT
OT Technician | X-Ray Technician
पुराना नर्सिंग कॉलेज, नमनाकला, अम्बिकापुर (छ.ग.)
7772963125, 9039511123

अंश COMPUTER EDUCATION
PGDCA
DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.sc..
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878

चैतन्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
6260864817
8461868812
उपरोक्त कोर्स छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल कॉउंसिल में रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य
ADMISSION OPEN 2024-25
BMLT 3 YEAR लैब टेक्निशियन डिग्री
CCH 1 YEAR
DMLT 2 YEAR लैब टेक्निशियन डिप्लोमा
Dialysis 2 YEAR
Opthalmic 2 YEAR नेत्र सहायक डिप्लोमा
X-RAY 1 YEAR एक्स-रे टेक्निशियन
OT 1 YEAR
MPHW 1 YEAR
Dresser 1 YEAR ड्रेसर टेक्निशियन
OUR BRANCH अम्बिकापुर रायपुर बिलासपुर बस्तर
पता 1 - अम्बिकापुर रेल्वे स्टेशन के पास, कालीघाट, संजयनगर (छ.ग.)
पता 2 - महादेव घाट चौक के पास, (रायपुरा) रायपुर, छत्तीसगढ़


## तीन सौ टन खाद का निर्माण

# घरों से निकलने वाले गीले कचरे से महिलाओं ने तैयार किया जैविक खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खेती बाड़ी का मौसम शुरू होते ही नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे जैविक खाद की मांग भी बढ़ गई है। समूह की महिलाओं द्वारा घरों से एकत्रित किए गए गीले कचरे से इस वर्ष तीन सौ टन खाद का निर्माण किया गया है। समूह की महिलाएं इस खाद को किसानों के साथ ही अन्य राज्यों में भी विक्रय कर लाखों रुपए कमा रही है। अब तक महिला समूह द्वारा डेढ़ सौ टन खाद की बिक्री किए जाने की बात कही जा रही है। इस खाद बिक्री से समूह की महिलाओं को सीधे तौर पर आर्थिक लाभ हो रहा है।

**खास बात**

- अब तक डेढ़ सौ टन की सप्लाई, समूह की महिलाओं को होगा आर्थिक लाभ

बता दें कि शहर में होने वाले डोर टू डोर कचरा प्रबंधन के तहत समूह की महिलाओं द्वारा गीले कचरे को एकत्रित किया जाता है। गीले कचरे को समूह की महिलाओं द्वारा अपने अपने एसएलआरएम सेंटर में संधारित करने के बाद गीले कचरे की कम्पोस्टिंग की जाती है। समूह की महिलाओं द्वारे शहर के न्यू बस स्टैंड, घुटरापारा, डीसी रोड एसएलआर सेंटर व भिट्ठी कला में पिट व विंड रो पद्धति से गीले कचरे से खाद तैयार किया जा रहा है। वर्षों से समूह की महिलाएं गीले कचरे से खाद तैयार कर रही है और बारिश में कृषि कार्य शुरू होने के साथ ही जैविक खाद की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में समूह की महिलाओं द्वारा बड़े पैमाने पर जैविक खाद तैयार किया जाता है। इस वर्ष समूह की महिलाओं द्वारा गीले कचरे से तीन सौ टन जैविक खाद तैयार किया गया है जिसकी सप्लाई जिले के किसानों के साथ ही दूसरे राज्यों में की जा रही है।



समूह की महिलाओं द्वारा तैयार जैविक खाद।

### खुदरा रेट डेढ़ रुपए किलो

नगर निगम के एसएलआरएम सेंटरों में दीदियों द्वारा बनाया जा रहा खाद किसानों के साथ ही अन्य राज्यों में सप्लाई हो रहा है। समूह की दीदियों से झारखंड, उड़ीसा के सप्लायर खाद उठा रहे है। समूह की दीदियों द्वारा खुदरा में डेढ़ रुपए प्रति किलो खाद की बिक्री की जा रही है। यदि कम्पनी वाले खाद की पैकेजिंग कराना चाहते है तो बोरा व अन्य सामान की लागत कंपनी की होती है। इस तरह महज शहर में लोगों के घरों से निकलने वाले कचरे से समूह की दीदियां कड़ी मेहनत कर खाद की बिक्री कर रही है। समूह की महिलाओं द्वारा की जा रही खाद बिक्री से उनकी कमाई में इजाफा हो रहा है और लोगों को कचरे से भी मुक्ति मिल रही है। अब तक महिलाओं द्वारा डेढ़ सौ टन जैविक खाद बेचा गया है।




### स्वच्छता दीदियां कर रही बेहतर काम

हमारे समूह की महिलाएं स्वच्छता प्रबंधन के साथ साथ अपने आय का जरिया बढ़ाने के लिए बेहतर कार्य कर रही है। महिलाओं द्वारा गीले कचरे से जैविक खाद तैयार कर उनकी बिक्री की जा रही है। इस कार्य से महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है। नगर निगम की पूरी टीम स्वच्छता दीदियों का उत्साहवर्धन कर रही है।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर

# कुनिया में 35 एकड़ शासकीय भूमि को कराया गया कब्जा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को मैनपाट में प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने ग्राम कुनिया में राजस्व वन भूमि पर किए गए एक दर्जन अतिक्रमण को हटाने के साथ ही 35 एकड़ भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। ग्रामीणों द्वारा विगत 7-8 वर्षों से शासकीय जमीन पर कब्जा किया था। कब्जे को लेकर नोटिस जारी करने के बाद सुनवाई उपरान्त यह कार्रवाई की गई।

- 7-8 वर्षों से अवैध मकान व मचान बनाकर किया गया था अतिक्रमण, चला बुलडोजर

आज जेसीबी के माध्यम से सभी अतिक्रमण को हटा दिया गया। बताया जा रहा है कि मैनपाट विकासखंड के ग्राम कुनिया में शासकीय नर्सरी की भूमि पर बड़ी संख्या में लोगों द्वारा कब्जा किया गया था। अतिक्रमाकारियों द्वारा कुनिया में लगभग 35 एकड़ राजस्व वन भूमि का घेरावा कर लकड़ी का मचान मनाया गया था। इसके साथ ही एक व्यक्ति द्वारा घेरावा करने के बाद मकान का निर्माण किया गया। हालांकि ये सभी अतिक्रमण 7 से 8 वर्ष पूर्व किए गए थे। अतिक्रमणकारियों द्वारा भविष्य में वन अधिकार पत्र हासिल करने की योजना बनाकर इस भूमि पर संभवतः कब्जा किया गया था। अवैध रूप से किए गए निर्माण व कब्जा को लेकर प्रशासन द्वारा मामले में कार्रवाई की जा रही थी। एसडीएम द्वारा कब्जाधारियों संजय कुमार यादव व संतोष यादव आ. गंगा यादव, हीरालाल यादव आ. जगरोपन, भोला यादव आ. झब्बू, होमी यादव आ. सूरजु यादव, दरबास आ. लक्ष्मण, बृजमोहन आ. रामदुलार, टानेश्वर आ. सूरजु यादव, लालमनि आ. मायाराम, देवेंद्र कुमार आ. शिव प्रसव व रघुवर यादव आ. मायाराम यादव को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस जारी करने के बाद अवैध कब्जे के प्रकरण की सुनवाई की गई और उसके बाद बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। एसडीएम रवि राही के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची और शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को ढहा दिया गया। इस दौरान पत्थर एकत्रित कर किए गए घेराव को हटाने के बाद बनाए गए मचान व अन्य निर्माण कार्यों को तोड़ा गया। इस दौरान टीम ने अवैध रूप से बनाए गए एक मकान को भी गिरा दिया है। इस कार्रवाई के जरिए टीम ने लगभग 35 एकड़ से अधिक भूमि को कब्जा मुक्त कराया है।



अतिक्रमण हटाते जेसीबी।

### की गई है कार्रवाई

राजस्व वन भूमि पर 7-8 वर्षों से कब्जा किया हुआ था। नोटिस की कार्रवाई के बाद सभी अतिक्रमण को हटाया गया है। कब्जाधारी अवैध रूप से मकान बनाने के बाद पट्टा बनवाने की फिराक में थे। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

-रवि राही
एसडीएम

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल महिला सभा की आम सभा एवं चुनाव 23 को

**अम्बिकापुर।** श्री अग्रवाल सभा की सहयोगी संस्था अग्रवाल महासभा की आम सभा एवं चुनाव 23 जुलाई की शाम 3 बजे होगा। आम सभा में चर्चा उपरांत चुनाव की रणनीति बनाई जाएगी। चुनाव में ननि क्षेत्र में निवासरत अध्यक्ष पद के दावेदार की उम्र 33, 35 वर्ष अधिक एवं मतदाताओं की उम्र 30 वर्ष से अधिक निर्धारित की गई है। इसी दिन सुबह 11 बजे अग्रवाल युवा मंच का चुनाव होगा। मंच के मतदाताओं की उम्र 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है।

### धरती आबा बिरसा मुंडा एवं बाबा कार्तिक उरांव के नाम पर चौक स्थापित करने की मांग

**अम्बिकापुर।** जनजाति गौरव युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष इन्दर भगत ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में सीएम विष्णुदेव साय से मिलकर अम्बिकापुर में भगवान बिरसा मुंडा एवं बाबा कार्तिक उरांव के नाम पर चौक स्थापित करने की मांग की तथा ज्ञापन सौंपा। श्री भगत ने बताया कि बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग निवास करते है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा समस्त जनजातियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी जयंती 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित की है जो सम्मान का विषय है। जनजातीय बहुल सरगुजा जिला में उरांव समाज के किसी भी महापुरुष के नाम पर कोई चौक चौराहा नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से धरती आबा बिरसा मुंडा एवं बाबा कार्तिक उरांव नाम पर चौक करने की मांग की है।



नाली में गिरी गाय को निकालते लोग।

# खुली नाली में गिरी गाय, कड़ी मशक्कत के बाद निकाला बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

गौरवपथ में सफाई के दौरान खुली पड़ी नाली में गिरकर एक गाय घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत के कर्मचारी गौरवपथ पहुंचे वकाफी मशक्कत के बाद लोगो के सहयोग से गाय को नाली से बाहर निकाला गया।

विदित हो कि नाली सफाई के दौरान गौरवपथ में कुछ जगहों पर नाली के ऊपर ढक्कन नही लगाया गया है। एक दो जगह ऐसे है जहां पर ढक्कन नही लगा है जिसकी वजह से वहां की नालियां खुली पड़ी हुई है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पहले भी यहाँ रात के अंधेरे में एक दो घटना हो चुकी है। कुछ दिनों पहले एक शराबी साइकिल समेत नाली में समा गया था। उसी जगह पर अब एक गाय विचरण के दौरान नाली में गिर गई। जो बाहर निकलने के प्रयास में नाली के अंदर चलते हुए काफी दूर निकल आई थी। इस दौरान चोटिल होकर गाय लहुलुहान हो गई।

लोगो ने काफी प्रयास किया पर वो गाय को नाली से बाहर नही निकाल पाए। इसी बीच जानकारी मिलते ही नगर पंचायत के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद लोगो के सहयोग से गाय को नाली से निकाला गया। इस संबंध में सीएमओ ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि ढक्कन के अभाव में नाली कुछ जगहों पर खुला हुआ है। जहां पर खुली है उसे ढकवाने की व्यवस्था की जाएगी।

# प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला ने बस स्टैंड में दिया बच्ची को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बुधवार की दोपहर नगर के बस स्टैंड में एक महिला का खुले आसमान के नीचे प्रसव हो गया। दर्द से तड़पती प्रसूता ने बस स्टैंड परिसर में ही बच्ची को जन्म दिया। इस घटना के दौरान क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय महिलाओं की मदद से प्रसूता का प्रसव कराया गया। फिलहाल जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ है और उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।

- क्षेत्र में मचा हड़कंप, जच्चा बच्चा की हालत सामान्य

बताया जा रहा है कि ओड़गी विकासखंड अंतर्गत ग्राम मजूर धक्की निवासी 24 वर्षीया सोनमतिया गर्भवती है और महिला बुधवार को बस से प्रतापपुर आई हुई थी और प्रतापपुर से फिर सोनगरा स्थित मायके जाने वाली थी। इस दौरान अचानक ही महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। प्रसव पीड़ा होने पर महिला बस से उतरकर किनारे में बैठ गई। दर्द से तपड़ती महिल को देखकर पहले तो लोगों को अंदाजा नहीं हुआ लेकिन जब उन्हें प्रसव पीड़ा की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। आनन फानन में स्थानीय लोगों द्वारा चादर व अन्य सामानों की व्यवस्था कर बस स्टैंड में घेरावा किया गया। इसके साथ ही बस स्टैंड में स्थित द्वारका मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक अरविंद जायसवाल के पत्नी अंजना जयसवाल सहित नर्स ने मानवता दिखाते हुए सड़क पर लेटी उक्त महिला को चारों ओर से चादर से घेराबंदी कर प्रसव कराया गया। महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हो गए है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसूताओं को अनेकों सुविधाएं दी जा रही है इसके बाद भी समय समय पर खुले में प्रसव के मामले सामने आते रहते है। हालांकि घटना की जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जच्चा बच्चा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीएमओ डॉ. विजय सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद तत्काल टीम को भेजकर महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जच्चा बच्चा का उपचार सीएचसी में चल रहा है। नवजात का वजन 3 केजी है।



### नीतिज्ञ चौधरी सरगुजिहा विद्युत ठेकेदार संघ के अध्यक्ष मनोनित

**अम्बिकापुर।** सरगुजिहा विद्युत ठेकेदार संघ की बैठक में नीतिज्ञ चौधरी को संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में अभय दीप सिंह उपाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय सचिव एवं विकास जायसवाल कोषाध्यक्ष मनोनित किए गए। अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि विद्युत ठेकेदारों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने में संघ पूरा सहयोग करेगा।

# अकीदत के साथ मनाया गया मातमी पर्व मोहर्रम

**अंबिकापुर।** मुस्लिम समाज द्वारा मातमी पर्व मोहर्रम अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान शहर में विभिन्न चौकों पर फ़ातिहखानी के साथ ही लंगर बांटा गया। वहीं शाम को शहर सहित जिले भर में मातमी जुलूस निकाला गया। इस दौरान समाज के लोगों ने गतका व अन्य करतब का प्रदर्शन किया।

- शहर में निकाला गया मातमी जुलूस

बता दें कि मुस्लिम समाज का दस दिवसीय मातमी पर्व मोहर्रम 7 जुलाई से शुरू हुआ था। मोहर्रम से ही मुस्लिम समाज के नए वर्ष की शुरुआत होती है। ऐसे में मुस्लिम समाज द्वारा पहले मोहर्रम से ही चौकों पर फातिहा खानी का आयोजन किया गया। वहीं समाज के लोगों द्वारा जगह जगह मिलाद शरीफ व लंगर का आयोजन किया गया। दसवीं मोहर्रम को पहलाम के दिन सुबह से ही मस्जिदों व मोहल्लो में मीलाद का आयोजन किया गया जबकि शाम को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के लोग अपने अपने ताजिया व अलम के साथ जुलूस की शक्ल में रवाना हुए। इस दौरान शहर के श्रीगढ़, नवागढ़, पर्राडांड, मोमिनपुरा, रसूलपुर, बरेजपारा, सोनपुरकला व अन्य स्थानों से समाज के लोग ताजिया व अलम के साथ महामाया चौक होते हुए देर शाम सदर रोड पहुंचे। सदर रोड के कादिमी चौक पर सभी अलम की मिलनी कराई गई। इसके साथ ही समाज के लोगों द्वारा गतका व अन्य करतब का प्रदर्शन किया गया। देर शाम तक चले जुलूस के बाद लोगों ने करबला में फातिहाखानी के बाद मोहर्रम पर्व का समापन किया। इस दौरान शहर में जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान अंजुमन कमेटी से सदर इरफान सिद्दीकी, शफी अहमद, अफजाल अंसारी, शकील असांरी, रशीद अंसारी, अब्दुल लतीफ, परवेज आलम गांधी, इसाउद्दीन अंसारी, सादिक हुसैन, अमीर अंसारी आदि मौजूद थे।



## सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने दिखाई हरी झंडी

# 850 श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या रवाना हुई स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश सरकार की श्री राम लला दर्शन योजना के तहत दूसरे चरण में बुधवार को 850 दर्शनार्थी अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान यात्रियों में खासा उत्साह देखने को मिला। यात्रियों ने जय श्री राम के जयकारे के साथ अपने यात्रा की शुरुआत की।





बता दें कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा अपने घोषणापत्र में राम लला दर्शन योजना को शामिल किया गया था और सरकार गठन के बाद ही श्री रामलला दर्शन योजना शुरुआत की गई और पहले चरण में भी लगभग साढ़े आठ सौ से अधिक लाभार्थियों को यात्रा के लिए अयोध्या भेजा गया था। वहीं दूसरे चरण में भी सरगुजा संभाग के यात्रियों को अयोध्या के लिए रवाना किया गया है। बुधवार को श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के लिए भेजा गया है। संभाग मुख्यालय के रेलवे स्टेशन पर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक लुंड्रा प्रबोध मिंज द्वारा अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत सम्मान करने के बाद ट्रेन में बैठाकर रवाना किया। इस दौरान सांसद, विधायकों ने ट्रेन में श्रद्धालुओं से मुलाकत की। श्री रामलला दर्शन के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन को बुधवार दोपहर 2 बजे रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस विशेष ट्रेन में सरगुजा संभाग के सभी 6 जिलों के 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जा रहा है। अयोध्या जाने वाले दर्शनार्थियों में सरगुजा जिले के 170 श्रद्धालु में अनुरक्षक भी शामिल हैं। जशपुर से 204, सूरजपुर से 147, कोरिया से 108, बलरामपुर से 164 और एमसीबी जिले से 57 दर्शनार्थी शामिल हैं। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद है।


एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें
20 एवं 21 जुलाई 2024 को अंबिकापुर में

छ.ग. के हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. भरत अग्रवाल
DNB (Cardiology)
स्थानः- लाइफ लाइन हॉस्पिटल,
गवर्मेंट पोलिटेक्निक कॉलेज के पास, रिंग रोड, अंबिकापुर (छ.ग.)
दिनांकः- 20-07-2024 (शनिवार) एवं 21-07-2024 (रविवार)
समयः सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त
समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें:- 7354882583/9755534404
Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9238175001 / 9238175002
www.smchospital.in

17 Ambikapur-BHoomi pg-2_Layout 1 7/17/2024 9:15 PM Page 1





# 'मनोरथंगल' के ट्रेलर ने जीता फैंस का दिल

**नई दिल्ली।** अपकमिंग मलयालम एंथोलॉजी सीरीज़ 'मनोरथंगल' का पहला ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता लेखक और पटकथा लेखक-निर्देशक एमटी वासुदेवन नायर के जन्मदिन पर रिलीज किया गया। नायर द्वारा लिखित इस सीरीज़ में एक, दो नहीं बल्कि 9 सुपरस्टार्स नजर आने वाले हैं। इनमें सुपरस्टार ममूटी, मोहनलाल, फहद फासिल, कमल हासन, पार्वती थिरुवोथु और मधु जैसे कई बेहतरीन एक्टर्स का नाम शामिल हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फैंस इसे ब्लॉकबस्टर मास्टरपीस कहते हुए नजर आ रहे हैं और रिएक्शन देते दिख रहे हैं।

लाइफStyle

# जाह्नवी 'डिप्टी हाई कमिश्नर' बनीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया की मोस्ट अवेटेड स्पाई थ्रिलर फिल्म 'उलझ' का दमदार ट्रेलर 16 जुलाई को जारी किया गया। जंगली प्रोडक्शन की फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसमें सस्पेंस, एक्शन और ड्रामा तीनों का मिक्स देखने को मिला।

नेशनल अवॉर्ड-विनिंग डायरेक्टर सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जान्हवी सबसे कम उम्र की डिप्टी हाई कमिश्नर सुहाना भाटिया का किरदार निभा रही हैं। उनके सिलेक्शन पर सवाल खड़े होते हैं। कुछ लोग आरोप लगाते हैं कि सुहाना की नियुक्ति में नेपोटिज्म का काफी हाथ है, क्योंकि वह एक समृद्ध परिवार से हैं। वह अपने डिपार्टमेंट में अपनी जगह बनाने के लिए काफी मशक्कत करती हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि जान्हवी लंदन एंबेसी की एक खबरी की तलाश में निकलती हैं और खुद ही उसके जाल में फंस जाती हैं। अपने ऊपर लगे देशद्रोह का आरोप हटाने के लिए और देश की रक्षा करने के लिए वह उन लोगों से भी भिड़ती हैं, जिन्होंने उन्हें और उनके देश को धोखा दिया है। फिल्म में रोशन मैथ्यू, आदिल हुसैन, राजेश तैलंग, मेयांग चांग, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी हैं। जान्हवी कपूर ने फिल्म का ट्रेलर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'हर किसी के पास एक कहानी है। हर कहानी के सीक्रेट्स हैं। हर सीक्रेट में ट्रैप है। इस 'उलझ' को सुलझाना आसान नहीं है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है और यह फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला



# रैपर खलीफा ने मांगी माफी

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर रोमानिया देश से माफी मांगी है। उन्होंने उस देश में परफॉर्मेंस दी थी, और स्टेज पर ही स्मोकिंग करनी शुरू कर दी थी, जिसके कारण पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मगर बाद में उनको रिहा कर दिया गया था। अब उनकी माफी की चर्चा हो रही है। अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर सभी से माफी मांगी है। दरअसल, उनको रोमानिया में अपनी परफॉर्मेंस के दौरान ड्रग्स के सेवन के लिए गिरफ्तार किया गया था।




# टीवी स्टार किम को पड़ी लताड़...

**मुंबई।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन और उनकी बहन क्लोई कार्दशियन 12-14 जुलाई के बीच मुंबई में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के उत्सव का हिस्सा थीं। सोमवार को, किम ने सेलिब्रेशन की नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह सफेद और सुनहरे रंग का मनीष मल्होत्रा का लहंगा और चोली पहने हुए थीं। अब रेडिट की एक पोस्ट में दावा किया गया कि किम ने भगवान गणेश की मूर्ति के साथ अपनी तस्वीर शेयर की थी और भारी आलोचना होने के बाद किम ने अपना इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट कर दिया। मंगलवार को, किम की नई तस्वीरों के बारे में एक रेडिट पोस्ट में वह अंबानी की शादी के जश्न के दौरान गणेश की मूर्ति पर अपना चेहरा रखे हुए थीं। एक यूजर ने लिख दिया- भारतीय संस्कृति का अपमान नहीं सहेंगे।



# सहेली की शादी में जाना माही को पड़ा महंगा

**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव इन दिनों वो नाम है जो इस इंडस्ट्री में हर ओर छाया हुआ है।उनके भोजपुरी सॉन्ग रिलीज होते ही खूब पॉपुलर हो रहे हैं और फिर ये भोजपुरी गाना गोल्डी यादव ने गाया हो तो सोने पर सुहागा होना लाजिमी है।भोजपुरी सिनेमा की सुपरहिट जोड़ी माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का नया गाना रिलीज हो गया है। भोजपुरी सॉन्ग गिर गईल नथिया बरतिया में यूट्यूब पर आया है और इसमें गोल्डी की आवाज और माही का डांस दोनों ही दर्शकों के दिल जीत रहे हैं। इस गाने के बोल जितने मजेदार हैं, उतने ही शानदार तरीके से इस फिल्माया भी गया है।वैसे भी इन दिनों भोजपुरी सिनेमा में मरून कलर सड़िया की धूम है।उसी बीच यह गाना भी काफी उम्मीदें लेकर आया है। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का भोजपुरी सॉन्ग गिर गई।



# 'किंग' में अभिषेक होंगे विलेन...

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान के फैंस उनकी अगली फिल्म के बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते कुछ वक्त से चर्चा है कि वह अपनी अगली फिल्म में बेटी सुहाना के साथ नजर आएंगे, जिसका नाम किंग है। फिल्म किंग में पहली बार बाप-बेटी की यह जोड़ी नजर आने वाली है। अभिषेक बच्चन फिल्म किंग में शाहरुख खान के सामने विलेन के रोल में नजर आने वाले हैं। इस बात की पुष्टि अभिषेक के पिता अमिताभ बच्चन ने की है। अमिताभ बच्चन ने रिएक्शन देते हुए पोस्ट में बेटे अभिषेक को बधाई दी और लिखा, शुभकामनाएं अभिषेक.. यह समय है !!! सोशल मीडिया पर बिग बी का यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। एक्टर के फैंस पोस्ट को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

टीवी मसाला



# बिग बॉस ओटीटी सीजन-3 में हुआ शॉकिंग नॉमिनेशन

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में इस हफ्ते एक वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है, जो कि सिंगर अदनान शेख हैं। घर में एंट्री करते ही आपने देखा कि उन्होंने विशाल पांडे को चांटा मारने वाले मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए लवकेश कटारिया पर एक तंज कसा। वहीं, इसके चलते काफी बवाल भी देखने को मिला। लेकिन अब बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का इस हफ्ते का शॉकिंग नामिनेशन देखने को मिला। दरअसल, खबरें हैं कि इस हफ्ते केवल एक ही कंटेस्टेंट नॉमिनेट हुआ है, जो और कोई नहीं बल्कि वाइल्ड कार्ड एंट्री अदनान शेख हैं। लेकिन इसके बाद आखिर में ट्विस्ट देखने को मिला है। बिग बॉस तक के अपडेट के अनुसार, इस हफ्ते का बिग बॉस नॉमिनेशन टास्क कैंसिल हो गया है। वहीं, इसके चलते अदनान शेख सिर्फ ऐसे कंटेस्टेंट है, जिसे की नॉमिनेट किया गया है। लेकिन बिग बॉस ने एक खेल खेला है और उन्हें रणवीर शौरी और विशाल पांडे के साथ अदनान को बाहर वाला बना दिया है, जिसके नियम के मुताबिक अदनान शो से बाहर नहीं हो सकते हैं।

## 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए कुमकुम और सुमित

**नई दिल्ली।** टीवी पर सबसे ज्यादा चर्चित शो 'कुमकुम' लोगों का फेवरेट था। जूही परमार और हुसैन कुवाजेरवाला ने कुमकुम और सुमित के रोल में लोगों के दिलों में इस कदर जगह बना ली कि आज भी उन्हें देखकर वो उतना ही खुश होते हैं। एक बार फिर से 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए हैं।'कुमकुम' भारतीय टेलीविजन पर सबसे फेमस शोज में से एक रहा है और इसे पूरे 22 साल हो चुके हैं। जूही परमार और हुसैन शो के जरिए एक घरेलू नाम बन गए, जो दोपहर के बैच में टीआरपी और स्लॉट लीडर था। 7 वर्षों तक राज करने वाला यह शो 2009 में लगभग 1500 एपिसोड के साथ बंद हो गया। 'कुमकुम' के 22 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए, जूही परमार ने कुछ दिन पहले टाइटल ट्रैक डाला था, जो करीब 20 मिलियन व्यूज के साथ वायरल हो गया है।



# 'फेयरी फोक' के निर्माताओं ने किया ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म लॉन्च




**मुंबई।** मनमोहक और जादुई यथार्थ से ओत-प्रोत फिल्म 'फेयरी फोक' के निर्माताओं ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट, www.fairyfolkthefilm.com के ज़रिये एक रोमांचक घोषणा की है। उनके अनुसार ये वेबसाइट अब एक ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म की भूमिका भी निभाएगी। जहां दर्शक सीधे इस फिल्म को देख सकेंगे और बदले में उन्हें भरनी होगी अपनी मनपसंद राशि। यह भारत में अपनी तरह का पहला प्रयोग है, जो फिल्म वितरण के एक नए मॉडल की शुरुआत भी है। करण गौर द्वारा निर्देशित और रसिका दुग्गल और मुकुल चड्ढा द्वारा अभिनीत 'फेयरी फोक' को मार्च 2024 में सीमित थिएटर रिलीज मिला था। मौखिक प्रचार के माध्यम से लोकप्रियता हासिल करने के बावजूद, फिल्म को महत्वपूर्ण वितरण चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण सिनेमाघरों से इसे समय से पहले हटाना पड़ा। जब स्वतंत्र फिल्मों के प्रदर्शन की बात चलती है तो डिजिटल प्लेटफार्मों की अनिच्छा भी साफ़ ज़ाहिर होती है। इन्ही चुनौतियों के जवाब में 'फेयरी फोक' की टीम ने अपनी वेबसाइट पर फिल्म को पेश करके एक अभिनव दृष्टिकोण को अपनाया है। यह प्लेटफ़ॉर्म दर्शकों को किसी भी राशि का भुगतान करने की अनुमति देता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई अपनी वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना फिल्म का आनंद ले सके।

# जगदीश राज को देख पुलिसवाले भी करते थे सैल्यूट, 144 फिल्मों में बने अफसर



नई दिल्ली। कुछ एक्टर अपनी जबरदस्त एक्टिंग और किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। 1970 और 80 के दशक में कई ऐसे एक्टर हुए जिन्हें दर्शक एक ही रोल में बार-बार देखना चाहते थे। पुलिस अधिकारी के किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले एक्टर जगदीश राज को लेकर दर्शकों में कुछ इसी तरह की दीवानगी थी. जिसका नतीजा यह हुआ कि इस टैलेंटेड एक्टर ने दो-चार नहीं बल्कि 144 फिल्मों में सिर्फ पुलिस अधिकारी का रोल निभाया। पर्दे पर 144 बार पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है।

बॉलीवुड के साथ-साथ जगदीश राज के काम से हॉलीवुड डायरेक्टर्स भी प्रभावित थे। बताया जाता है कि हॉलीवुड के एक कास्टिंग डायरेक्टर ने जगदीश के काम से प्रभावित होकर एक्टर से मिलने की इच्छा जताई थी। इसके बाद गिनेज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की जांच टीम को बुलाया गया। 144 फिल्मों में एक जैसा किरदार (पुलिस अफसर का किरदार) निभाने के लिए एक्टर जगदीश राज खुराना का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इस तरह मोस्ट टाइपकास्ट एक्टर का रिकॉर्ड एक्टर जगदीश राज के नाम है।जगदीश राज की बेटी अनीता राज हैं जो धर्मेंद्र के साथ नौकर बीवी का फिल्म में नजर आ चुकी हैं।

## कभी भी नहीं कटता था चालान

पुलिस के किरदार ने उन्हें ऐसी पहचान दिलाई कि एक्टर को सड़क पर देखकर पुलिस वाले भी सलाम करते थे। ऐसा कहा जाता है कि जगदीश राज पहले ऐसे बॉलीवुड एक्टर थे जिनकी सिक्योरिटी चेकिंग नहीं होती थी। पुलिसवालों के लिए एक्टर किसी रोल मॉडल से कम नहीं थे। यह भी बताया जाता है कि जगदीश राज का कभी भी चालान नहीं कटता था। 1992 में एक्टर ने फिल्मी करियर से संन्यास ले लिया था। 28 जुलाई 2013 को सांस की बीमारी के चलते 85 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया था।

# शम्मी ने फैलाई थी आशा पारेख से शादी की अफवाह, शत्रुघ्न के बयान थे अपमानजनक...

*अरबाज खान द्वारा होस्ट किए जाने वाला टॉक शो द इनविंसिबल्स सीरीज सीजन 2 का नया प्रोमो सामने आ गया है, जिसमें दिग्गज एक्ट्रेस आशा पारेख बतौर गेस्ट नजर आ रही हैं और अपनी पर्सनल लाइफ पर बात करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में वह बॉलीवुड में अपने सफ़र और बिजनेस में एक महिला होने के बारे में बताती हुई नज़र आती हैं।*



**नई दिल्ली।** अरबाज़ खान से बातचीत के दौरान वह अपने को स्टार शम्मी कपूर से अपनी कथित शादी की अफ़वाहों को मज़ाकिया अंदाज़ में बताते हुए कहती हैं, 'हां, हम शादीशुदा थे।' उन्होंने उस पल को भी याद किया जब महान गुरु दत्त ने उनकी मां को फ़ोन करके कहा था कि 'उन्हें नहीं लगता कि वह हीरोइन बन सकती हैं'। प्रोमो में एक्ट्रेस ने मजेदार किस्सा शेयर करते हुए बताया कि जब वह नाइट आउट के बाद लाल आंखों के साथ शूट के लिए सेट पर पहुंची थीं। उन्होंने कहा, मैंने अगले दिन शूट के लिए मना किया था। इसके अलावा उन्होंने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के साथ अपने तनावपूर्ण संबंधों पर भी बात की और जिक्र किया कि उनके द्वारा की गई नकारात्मक टिप्पणियों ने उनके पेशेवर संबंध को प्रभावित किया है। उन्होंने शेयर किया, 'यह ऐसा था जैसे चलो जैसा मैं चाहती हूं, वैसा ही करते हैं और फिर उन्होंने प्रेस में कुछ बयान दिए, जो उनके लिए बहुत अपमानजनक थे, मेरे लिए नहीं।' आशा पारेख ने कालिया के बाद फिल्मों में काम करना बंद कर दिया। इसके बाद एक ऐसा मौका आया कि उन्होंने एक्टिंग बंद कर दी। इशके बाद उन्होंने टेलीविजन की ओर रुख किया और गुजराती सीरियल ज्योति डायरेक्ट किया। उनकी प्रॉडक्शन कंपनी आक्रुति ने पलाश के फूल, बाजे पायल, कोरा कागज और दाल में काला जैसे सीरियल प्रोड्यूस किए. इसके बाद उन्होंने त्योहार धमाका रियलिटी शो जज किया।

# भक्ति में लीन हुए अनुष्का व विराट



**नई दिल्ली।** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली उन कपल्स में से एक हैं, जो अपनी फैमिली और पर्सनल लाइफ को हमेशा लाइमलाइट से दूर रखते हुए नजर आते हैं। इसी बीच कपल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो कि लंदन में आयोजित एक कीर्तन का है। दरअसल, अनुष्का शर्मा ने पति विराट कोहली के साथ लंदन में यूनियन चैपल में आयोजित कृष्ण दास के कीर्तन में शिरकत की थी, जिसकी कुछ तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस ने शेयर की थी। लेकिन इसी इवेंट से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कपल भक्ति में लीन होते हुए नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शतरंज भवन में जमुना देवी स्मृति शतरंज प्रतियोगिता 21 को

**अम्बिकापुर।** शतरंज संघ द्वारा विश्व शतरंज दिवस के अवसर पर स्वर्गीय श्रीमती जमुना देवी जायसवाल स्मृति ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के किसी भी आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। संघ के पदाधिकारी शेष रतन जायसवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 20 हजार के पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 19 जुलाई निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता 21 जुलाई को सुबह 9:30 बजे शतरंज भवन में प्रारंभ होगी। इच्छुक खिलाड़ी शतरंज भवन, गांधी स्टेडियम में निर्धारित तिथि के पूर्व अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### शाला प्रवेश उत्सव में किया गया पाठ्यपुस्तकों का वितरण



**मदनपुर।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव संकुल केंद्र कैलाशपुर के पीएमश्री स्कूल राजापुर के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक, मुंह मीठा, माला पहनाकर तथा पाठ्य पुस्तक व गणवेश देकर अतिथियों द्वारा शाला प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायम भूलन सिंह मरावी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा सिंह के अलावा श्रीमती संध्या सिंह, लीलु गुप्ता, मनोज मंडल, सुनील पोर्ते, सुदर्शन राजवाड़े, मणिशंकर,घनश्याम राजवाड़े की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान पारसनाथ विश्वकर्मा, इग्घास खाखा, राकेश लकड़ा, टेकराम, उमाशंकर शर्मा, संजय मिंज, देव पांडेय, ललिता रजनी, रेशमा, प्रमिला, असिता, चन्द्रकला, रीना,सीमा, अनिता दीपन, आदर्श, मुन्ना भगत व अन्य उपस्थित थे।

### गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव



**प्रतापपुर।** नगर के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्राओं का स्वागत कर मिष्ठान, किताब, कॉपी और पेन का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी निकिता वर्मा आ.सुनील कुमार वर्मा और विकासखण्ड में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर कुमारी काजल गुप्ता आ. श्याम बिहारी गुप्ता को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और पांच-पांच हजार की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल अध्यक्ष आशा शुक्ला, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, भाजपा नेता अम्बिका जायसवाल, विनोद जायसवाल, मुकेश तायल, अरविंद जायसवाल, प्रशांत सिंह परिहार, रामरतन गुप्ता, सहादत हुसैन, विक्रम नामदेव, राधा सिंह,राघवेंद्र दुबे, मनीराम पटेल, शकील अंसारी, अनिल साहू सहित विद्यालय की छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### शासकीय हाई स्कूल अंधला में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**लखनपुर।** अंधला स्थित शासकीय हाई स्कूल में विधायक राजेश अग्रवाल के आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान स्कूल के नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर शाला में प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा बच्चों को कॉपी किताब व गणवेश का वितरण किया गया। वहीं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत परिसर में पौधरोपण किया गया व पौधों की देखभाल करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान दिनेश साहू, प्राचार्य, शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

### हर रोज वाहन की चपेट में आने से 8 से 10 घुमंतू डॉग हो रहे घायल

# बेजुबान डॉग शेल्टर में चार साल के भीतर 7 हजार घायल कुत्तों का किया गया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- शहर के कुछ युवा कर रहे शेल्टर का संचालन

जिले में कुछ साल के भीतर ही सड़क दुर्घटना में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। कुछ तो वाहन चालक की लापरवाही से जबकि अधिकांश सड़क दुर्घटना में आवारा मवेशियों व घुमंतू डॉग के कारण होती हैं। हालांकि घायल गाय, भैंस बछड़े के उपचार गौ सेवा मंडल सहित गौशाला में की जाती है परंतु घुमंतू डॉग के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी। पालतू डॉग का उपचार लोगों द्वारा की जाती है लेकिन सड़क दुर्घटना में घायल हुए घुमंतू डॉग उपचार के अभाव में सड़क पर ही दम तोड़ देते हैं। ऐसे में घुमंतू डॉग के घायल हो जाने पर उन्हें समय पर उपचार मिले इसके लिए शहर के कुछ युवाओं ने न सिर्फ बीड़ा उठाया बल्कि पिछले चार साल के भीतर ही घायल 7 हजार घुमंतू डॉग का बेजुबान डॉग शेल्टर में उपचार किया गया।

शहर में बधियाकरण करण की योजना ठंडे बस्ते में चले जाने के कारण कुछ साल के भीतर ही शहर में घुमंतू डॉग की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इसी तरह शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में भी घुमंतू डॉग की संख्या बढ़ी है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में घुमंतू डॉक को ग्रामीण पालते है लेकिन शहर में ऐसा नहीं होता। ऐसे में घुमंतू डॉग शहर के प्रायः सभी क्षेत्रों में झुंड में देखे जा सकते है। ऐसे में गाय, भैंस की तरह भी घुमंतू डॉग आए दिन वाहन की चपेट में आ जाते है और लोग घुमंतू डॉग को घायल अवस्था में देख किसी प्रकार की मदद नहीं करते जिससे डॉग की मौत हो जाती है। घुमंतू डॉग तथा छोड़े गए पालतू डॉग के किसी कारण से घायल हो जाते है और उनकी मौत न हो इसे ध्यान में रखकर शहर के युवा सुधांशु शर्मा, गजेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य युवक घायल डॉग को तत्काल उपचार मिल सके इसके लिए बेजुबान डॉग शेल्टर की स्थापना की।



घायल डॉग का उपचार करते संस्था के सदस्य।



भोजन देते सदस्य।



### आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने उपलब्ध कराई जगह

शहर के सुधांशु शर्मा, गजेन्द्र प्रताप सिंह, तरूण यादव, अमन ठाकुर, सूर्यकांत, आयुष सोनी, जयंत तिवारी, हर्ष सोनी की टीम ने जिले सहित आसपास क्षेत्र में डॉग का रेस्क्यू शुरू किया था। जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटना में घायल हो चुके बेजुबान डॉग को तत्काल उपचार मिल सके। लेकिन युवाओं के लिए घायल डॉग को सुरक्षित स्थान में रखने जगह नहीं थी। जिस पर टीम ने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के भतीजे आदित्येश्वर शरण सिंहदेव मुलाकात कर समस्या बनाई। जिस पर आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने सरगुजा पैलेस के बगल की खाली जगह उन्हें शेल्टर चलाने दी गई, जहां वर्तमान में डेढ़ सौ से अधिक घायल डॉग का इलाज किया जा रहा है।

### सूचना मिलते ही पहुंच जाते है टीम के सदस्य

बेजुबान डॉग शेल्टर के सदस्यों को शहर सहित आसपास क्षेत्र से दिन और रात में भी घायल डॉग की सूचना मोबाइल, सोशल मीडिया के माध्यम से मिलती है। ऐसे में कोई न कोई सदस्य घायल डॉग की मदद के लिए तत्काल पहुंच जाते है। कई बार तो घायल डॉग का रेस्क्यू करने के दौरान डॉग के काटने से जख्मी हो जाते है। बावजूद इसके टीम के सदस्य हार नहीं मानते और किसी तरह घायल डॉग को शेल्टर में ले जाकर उपचार शुरू कर देते है।

संस्था के सुधांशु शर्मा व गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बेजुबान डॉग शेल्टर के चार वर्ष पूरे हो चुके हैं। इन चार वर्षों में बेजुबान डॉग शेल्टर के सदस्यों द्वारा 7 हजार से अधिक डॉग का रेस्क्यू किया है, उन्हें पूरी तरह से ठीक करने के पश्चात कई डॉग को पालने वाले इच्छुक लोग अपने साथ ले जाते हैं तो कई डॉग शेल्टर में ही रहते हैं। वर्तमान में शेल्टर में 150 से अधिक घुमंतू डॉग है जिसे शेल्टर में ही भोजन पानी की व्यवस्था की जाती है।

## भाई ने पढ़ाई करने कहा तो बहन ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** भाई ने पूरक परीक्षा की तैयारी करने बहन को बोला तो बहन ने पढ़ाई करने के बजाए कीटनाशक पी ली। परिजन बालिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार रामानुजगंज थाना अंतर्गत ग्राम इंदरपुर निवासी सावित्री कुमारी आ. चंद्रिका सिंह (15 वर्ष) कक्षा 10वी में पूरक आई थी। जिस पर भाई सकलदीप सिंह ने उसे पूरक परीक्षा दिलाने के लिए फार्म भरा था। 9 जुलाई की सुबह भाई बहन को उठाकर पूरक परीक्षा के फार्म जमा कर देने तथा पढ़ाई करने की बात कहकर खेत में काम करने चला गया। कुछ समय बाद ही बहन गायत्री ने भाई को बताई की सावित्री कीटनाशक पी ली है। परिजन तत्काल उसे रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बवासीर बीमारी से परेशान महिला ने पी ली जहर, मौत

बवासीर बीमारी से परेशान महिला ने कीटनाशक पी ली। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम गुमगरा निवासी सोनामती मार्को पति अमर साय (40 वर्ष) लंबे समय से बवासीर बीमारी से पीड़ित थी। बीमारी से तंग आकर मंगलवार की शाम कीटनाशक पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।




# अनोखी सोच संस्था के सदस्यों ने किया पौधरोपण



**अम्बिकापुर।** ग्राम महावीरपुर में अनोखी सोच संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों एवं स्कूली बच्चों ने सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज के साथ 300 पौधा का रोपण किया गया। संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकार साहू ने कहा कि जंगल प्रकृति के फेफड़े की तरह होते हैं, और इन्हीं से हमें पर्याप्त ऑक्सिजन, शुद्ध जलवायु एवं वर्षा की प्राप्ति होती है। जल, जंगल, जमीन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उन्होंने सदस्यों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि कोई भी सदस्य अपने घर के वैवाहिक कार्यक्रम में मंडप के लिए पेड़ों की कटाई न करके प्रतीकात्मक रूप से पेड़ों की टहनियों का उपयोग करेंगे और भविष्य में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएंगे। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू, अभय साहू, पंकज चौधरी, चंद्रप्रताप सिंह, रेहान आलम, विजय बंसल, राकेश शुक्ला, लालजी साहू, सुनील साहू, मुकेश सोनी, अमित जायसवाल, राहुल शुक्ला, विशाल साहू, मोती, सत्यम साहू, निशांत, प्रदीप साहू, विजय, बनाफर ,गुड्डू, पूनव, अंकित, मोनू, कार्तिके एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगाए गए पौधे




**बिश्रामपुर।** प्रधानमंत्री के द्वारा हाल में शुरू किए गए देशव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत कोयलांचल बिश्रामपुर के पर्यावरण प्रेमी एसईसीएल वित्त विभाग के एकाउंटेंट सैलेश चौबे के प्रयासों से उक्त अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। नगर की फूटवेयर व्यवसाई जे जे एंड संस की संचालक मधु जैन सहित जलतरंग होटल के संचालक इंद्रजीत सिंह मखीजा,साई सेवा समिति के जिला अध्यक्ष संजयन पनिकर,सहायक अभियंता विद्युत यांत्रिकी नगर प्रशासन धड़कन पांडेय ,क्षेत्रीय विक्रय प्रबंधक रविंद्र सैनी व क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह सहपत्नी, मनीष वर्मा ,विजय सोनी सहायक प्रबंधक वित्त अपने परिजनों के साथ नगर के अलग अलग स्थलों में बरगद,पीपल,कदम,गूलर,नीम का एक एक पौधा लगाया ,साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए लोहे के ट्री गार्ड की भी व्यवस्था की।इस दौरान व्यवसाई श्रीमती जैन ने दो दिनों में अलग अलग जगहों पर 51 पौधरोपण करने के लक्ष्य को पूर्ण करने की बात कही। आधुनिकता की दौर में तेजी से प्रदूषित हो रहे पर्यावरण को संरक्षित करने आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित वातावरण निर्माण के उद्देश्य से अभियान अब धीरे धीरे जोर पकड़ता दिखाई दे रहा है।इस दौरान व्यवसाई मधु जैन सहित उपस्थित जनों ने कोलकर्मी सैलेश चौबे के प्रयासों की सराहना कर कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।पर्यावरण संरक्षण को लेकर देशभर में चल रहे पौधा रोपण अभियान में प्रत्येक नागरिक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।सभी ने अपील कर कहा कि हर विशेष अवसरों पर अपने परिवार के साथ पौधा रोपण करे और उस पौधे का पेड़ बनने तक देखभाल सुनिश्चित करना चाहिए।




























## दो माह की मासूम की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** दो माह के बच्ची की अचानक तबीयत खराब होने से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मासूम की मां ने पति पर बच्ची की मौत का अंदेशा जताई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सत्तीपारा निवासी देवंती पति उमेश प्रजापति ने पुलिस को बताया कि सत्तीपारा में किराए के मकान में पति व दो माह की सोनिया के साथ रहती है। दोनों 6 साल पूर्व प्रेमविवाह किया जिससे बच्ची हुई थी । 14 जुलाई की सुबह पति उमेश विवाद करते हुए बच्ची होने बाद बच्ची को नहीं रखने और अनाथ आश्रम में देने की बात करने लगा। 14 की शाम बेटी सोनिया को पिता के पास छोड़ कर कपड़ा धोने गई। कुछ देर बाद बेटी अचानक जोर जोर से रोने लगी। जिसे निजी अस्पताल में चिकित्सकों को दिखाने के बाद देर रात मेडिकल अस्पताल भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मासूम की मां देवंती ने पति उमेश पर बच्ची की मौत का अंदेशा जताई हैं। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### रामनगर में किसानों को वितरित किया गया निःशुल्क बीज

**बिश्रामपुर।** शासन के मंशानुरूप ग्राम पंचायत रामनगर में किसानों को निःशुल्क बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को निःशुल्क बीज वितरण कर उसके संबंध में विस्तृत जानकारी भी कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा दी गई। इस दौरान मुख्य रूप से कृषि विस्तार अधिकारी के साथ किसान मित्र, रामनगर सरपंच जवाहर सिंह टेकाम, भाजयुमो महामंत्री दुर्गा गुप्ता, राजू यादव, बृजलाल टेकाम, शकेश्वर सिंह, शनि मिश्रा, सत्यानंद व अन्य लोग उपस्थित थे।

### कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में जिला महामंत्री ने रखी तीन मांगें



**बिश्रामपुर।** सरगुजा सांसद चिंतामणी महराज की उपस्थिति में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में भाजयुमो महामंत्री दुर्गा गुप्ता ने तीन सूत्रीय मांग को रखा है। सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज के समक्ष भाजयुमो जिला महामंत्री ने मांग रखा है कि अंबिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस का नाम बदलकर सरगुजा एक्सप्रेस रखवाया जाए। साथ ही उक्त ट्रेन का स्टापेज बिश्रामपुर में भी कराया जाए। इसके अलावा ग्राम पंचायत करंजी में अंडर ग्राउंड रेल्वे क्रासिंग निर्माण कराए जाने की भी मांग रखी है। भाजयुमो महामंत्री की मांग पर सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज ने उक्त मांगों को जल्द पूर्ण कराए जाने का भरोसा दिया है।

### रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को किया गया रवाना



**प्रतापपुर।** श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम के दर्शन हेतु जनपद पंचायत प्रतापपुर के ग्रामीण क्षेत्र के 13 श्रद्धालु व नगर पंचायत से 6 तथा नगर पंचायत जरही से 5 श्रद्धालु को दर्शन हेतु बस से अम्बिकापुर रवाना किया गया। अम्बिकापुर पहुंचने के पश्चात श्रद्धालुओं को स्पेशल ट्रेन से बनारस बाबा विश्वनाथ के दर्शन कराते हुए प्रभु रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या धाम हेतु प्रस्थान करेगें। यह यात्रा 17 से 20 तक होगी। यात्रा की रवानगी के दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, नपं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश तायल, लक्ष्मी गुप्ता, अरविन्द जायसवाल, विक्रम प्रताप सिंह, जनपद सीईओ राधेश्याम मिर्झा, नपं सीएमओ यूफ्रेशिया एक्का, पंचायत निरीक्षक राधेलाल पैकरा, अनुरक्षक अशोक जायसवाल सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### अज्ञात कारणों से बुजुर्ग ने घर की परछी में लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत तेलईकछार केनापारा निवासी एक वृद्ध ने बुधवार की दोपहर घर के परछी में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत तेलईकछार केनापारा निवासी 65 वर्षीय अनंत राम चौधरी पिता स्व. चिनगी राम चौधरी अपने छोटे पुत्र व बहु के साथ रहता था। मंगलवार को छोटा पुत्र अपनी पत्नी को उसके मायके उदयपुर लेकर गया था। जिस वजह से वृद्ध बुधवार को अपने बड़े बेटे के निवास पर स्नान उपरांत भोजन करके दोपहर में अपने छोटे पुत्र के सुने मकान में आ गया और यहीं पर परछी के म्यार में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा करने उपरांत पीएम हेतु शव को मर्चयुरी में रखवा दिया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### ग्रामीण ने पहले बालक से मांगा पानी फिर लगा ली फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण ने परिजन को खेत में काम करने भेज बालक से पहले पानी मांगा फिर कमरे में फांसी लगा लिया। परिजन आनन फानन में ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम लब्जी नवापारा निवासी घूरन राम आ. सोहन राम (50 वर्ष) आज सुबह परिवार के लोगों को खेत में काम करने भेज घर में एक बालक साथ था। घूरन राम बालक से पानी मांगा और पीने के बाद अपने कमरे में चला गया। कुछ समय बाद बालक कमरे में गया तो देखा घूरन फांसी में लटका हुआ था। बालक ने परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन घूरन राम को फांसी से उतार तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### शासकीय ज़मीन पर कब्जे को लेकर चचेरे भाइयों में मारपीट, काउंटर अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** ग्राम खोपा में जमीन विवाद पर दो चचेरे भाईयों में जमकर मारपीट हुई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर काउंटर अपराध दर्ज किया है।करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत खोपा निवासी प्रार्थी किशुन राम राजवाड़े पिता सुखलाल राजवाड़े 16 जुलाई की दोपहर में गांव के ही सरनाडांड स्थित अपने कब्जे की शासकीय भूमि खसरा नंबर 3061 पर ट्रैक्टर से जुताई करा रहा था। तभी उसके चचेरे भाई देव कुमार व उसकी पत्नी राम बाई मौके पर पहुंचकर खेत की जुताई पर आपत्ति दर्ज कर हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी देवकुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी किशुन राम राजवाड़े, सुखलाल राजवाड़े, संजय राजवाड़े व शिवकुमार ने जमीन विवाद पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई है। दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 351(2), 115 (2), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## चिलचिलाती धूप में तेजी से सूख रही खेतों की नमी

# वर्षा की कमी से सरगुजा की स्थिति खतरनाक कहीं खेतों में पड़ी दरारें तो कहीं उड़ रही धूल



बिहारपुर में खेतों की जुताई करने के दौरान उड़ती धूल।



वर्षा की कमी से सुखती धान की फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**
- स्थानीय प्रभाव से हो रही छिटपुट वर्षा
- जल्द वर्षा नहीं हुई तो रोपाई-बुनाई पर पड़ेगा प्रभाव

प्रारंभ से ही वर्षा की कमी से जूझ रहे सरगुजा की स्थित अब बदतर हो जा रही है। चार दिन पूर्व हुई अच्छी वर्षा से स्थितियों में कुछ सुधार आया था लेकिन मानसून की बेरूखी के कारण एक बार फिर खतरनाक स्थिति निर्मित हो गई है तथा वर्षा की दृष्टि से सरगुजा छत्तीसगढ़ में सभी जिलों के पीछे चला गया है। जल्द अच्छी वर्षा नहीं हुई तो सरगुजा में सूखे की स्थिति निर्मित हो सकती है।

मानसून के कमजोर आगाज के बाद से ही सरगुजा वर्षा की कमी से जूझ रहा है। मानसून पूर्व की वर्षा से समय पर धान का बीड़ा तैयार करने के बाद किसान अच्छी वर्षा होने का इंतजार कर रहे थे। बीच-बीच में कहीं-कहीं हल्की वर्षा हुई थी लेकिन यह खेती के लिए पर्याप्त नहीं थी। मौसम की बेरूखी के कारण सरगुजा में वर्षा की कमी 60 फीसदी पहुंच गई थी। मानसून द्रोणिका की स्थिति में सुधार आने के बाद तीन दिनों तक शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में अच्छी वर्षा हुई। पहली बार हुई अच्छी वर्षा से कमी की भरपाई के साथ ही उत्साहित किसान रोपाई-बुनाई में जुट गए। अब फिर से पूर्व जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। हाल में हुई वर्षा के पूर्व सरगुजा में 67 फीसदी कम वर्षा हुई थी। तीन दिन वर्षा ने 9 फीसदी वर्षा की पूर्ति की जिससे स्थिति में सुधार हुआ कम वर्षा का आंकड़ा घटकर 58 फीसदी तक पहुंच गया था। पिछले चार दिनों से मानसून द्रोणिका की स्थिति में बदलाव आने के साथ ही पिछले चार दिनों से वर्षा बंद होने के कारण फिर से खतरनाक स्थिति निर्मित हो गई है। वर्षा की कमी फिर से बढ़कर 60 फीसदी पहुंच गई है। मानसून द्रोणिका की स्थिति में बदलाव आने के साथ ही गर्मी के मौसम जैसी चिलचिलाती धूप निकल रही है। धूप खेतों की नमी को तेजी से सोख रही है।

स्थानीय प्रभाव से कहीं-कहीं छिटपुट वर्षा हो रही है जो धान की रोपाई के लिए पर्याप्त नहीं है। किसान ट्यूबवेल से खेतों की सिंचाई कर धान की रोपाई कर रहे हैं। कुछ क्षेत्र में स्थानीय प्रभाव से हुई वर्षा के दम पर किसान अपने खेतों के रोपाई-बुनाई कर रहे हैं वहीं कुछ क्षेत्रों में कम वर्षा होने के कारण लोग अपने धान के बीड़ा को बचाने का संघर्ष कर रहे हैं। खण्ड वर्षा होने के कारण दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर में खेतों में धूल उड़ रही है वहीं धान की नर्सरी में दरारें पड़ गई हैं। इसके विपरीत विकाखण्ड बतौली में अच्छी वर्षा होने के कारण ग्रामीण उत्साहपूर्वक अपने खेतों में धान की रोपाई कर रहे हैं।

### चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में उड़ रही धूल

सूरजपुर जिला अंतर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में बेहद कम वर्षा होने के कारण खेतों की जुताई करने के दौरान धूल उड़ रही है। मानसून पूर्व हुई अच्छी वर्षा से किसानों ने अपने खेतों में धान का बीड़ा लगा दिया था। पिछले एक सप्ताह से वर्षा नहीं होने के कारण धान का बीड़ा मुरझा रहा है वहीं मोटी-मोटी दरारें पड़ गई है। कम वर्षा होने के कारण रोपाई-बुनाई का काम पूरी तरह से ठप पड़ गया है।

### सरगुजा में 60 फीसदी कम वर्षा

सरगुजा संभाग में बलरामपुर को छोड़कर सभी जिलों में सामान्य से कम वर्षा हुई है। वर्षा की दृष्टि से सरगुजा छत्तीसगढ़ में सबसे निचले पायदान पर है। सरगुजा में सामान्य से 60 फीसदी कम वर्षा हुई है। बलरामपुर में सामान्य से 8 फीसदी अधिक जबकि सूरजपुर में 49 फीसदी कम एवं कोरिया में 37 फीसदी कम वर्षा हुई है। जल्द अच्छी वर्षा नहीं हुई तो सरगुजा में सूखे की स्थिति निर्मित हो जाएगी साथ ही रोपाई-बुनाई पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।



धान की नर्सरी में पड़ी दरारें।

### बदली द्रोणिका की स्थिति

मानसून द्रोणिका में बदलाव आने के कारण वर्षा पर प्रभाव पड़ता है। मानसून द्रोणिका सामान्य स्थिति में गंगानगर इहाबाद होते हुए हेड वे ऑफ बंगाल तक गुजरी थी। पूर्व में मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से उत्तर की ओर खिसक गई थी जिसके कारण उत्तर छग में वर्षा नहीं हो रही थी। द्रोणिका के सामान्य स्थिति में पहुंचने एवं डाल्टेनगंज के ऊपर से गुजरने के दौरान सरगुजा सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में अच्छी वर्षा हुई। मध्य बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी क्षेत्र में लो प्रेशर के दक्षिण भारत की ओर सक्रिय होने के कारण द्रोणिका भी दक्षिण की ओर चली गई है जिसके प्रभाव से दक्षिण छग सहित आसपास के राज्यों में अच्छी वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्षा काल में मध्योत्तर बंगाल की खाड़ी में हलचल हो रही है तथा 19 को कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय होने का अनुमान है। लोप्रेसर के प्रभाव से मानसून द्रोणिका की स्थिति में सुधार होने के साथ ही सरगुजा सहित पूरे छग में अच्छी वर्षा होने का अनुमान है। मौसम विज्ञानी के अनुसार मानसून द्रोणिका की स्थिति में हमेशा बदलाव होते रहता है जिसके कारण देश के हर क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा होती है। द्रोणिका के हिमालय की तराई की ओर अग्रसर होने पर मानसून ब्रेक की स्थिति निर्मित हो जाती है।

## मनमानी करने वाले सहायक प्राध्यापक को प्राचार्य ने किया एकतरफा कार्यमुक्त, भेजा वेतन पत्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कार्यमुक्त होने के बावजूद उपस्थिति पंजी में कर रहा था हस्ताक्षर

स्थानांतरण उपरांत प्राचार्य द्वारा बार-बार एक तरफा कार्यमुक्त करने के बावजूद विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की धौंस देकर मनमानी पूर्वक उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने वाले सहायक प्राध्यापक को शासन के सख्त निर्देश पर पुराने कार्यस्थल को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव के निर्देश पर प्राचार्य ने मनमानी करने वाले सहायक प्राध्यापक को एक तरफा कार्यमुक्त करने के साथ ही उसकी सेवा पुरित का एवं वेतन पत्रक को भी नवीन कार्यस्थल पर भेज दिया। फलस्वरूप उसे नए कार्यस्थल पर उपस्थिति देने मजबूर होना पड़ा।

मुख्यमंत्री के अनुमोदन पर उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव आरके निर्मलकर ने 15 मार्च को प्रदेश के 25 सहायक प्राध्यापकों का स्थानांतरण आदेश जारी किया था। आदेश में राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय में पदस्थ राजनीति विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.अरिवलेश द्ववेदी का स्थानांतरण पं.रेवती रमण मिश्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में किया गया था। आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ.खालिद हुसैन ने पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए 23 अप्रैल को कार्यमुक्त कर दिया। बताया जा रहा है विभाग के एक अधिकारी के मौखिक निर्देश पर प्राचार्य ने 24 अप्रैल को अपना आदेश निरस्त कर दिया। इधर सहायक प्राध्यापक मनमानी करने लगा तथा वरिष्ठ अधिकारियों की धौंस देकर कॉलेज के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने लगा। उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा स्थानांतरण आदेश के परिपालन के निर्देश एवं विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के स्थानांतरित सहायक को कार्यमुक्त नहीं करने के मौखिक निर्देश के कारण प्राचार्य पेशोपेश में पड़े रहे। अवर सचिव सख्त निर्देश पर प्राचार्य ने सहायक प्राध्यापक को 16 जून को एक तरफा रिलीव किया तो व मनमानी पर उतर गया तथा जबरिया उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर अधिकारी कर्मचारियों के साथ बदतमीजी करने लगा। सहायक प्राध्यापक की मनमानी से परेशान प्राचार्य ने आयुक्त उच्च शिक्षा को 20 जून को सहायक प्राध्यापक की मनमानी से अवगत करा कार्यमुक्त करने के संबंध में मार्गदर्शन मांगा एवं अधिकारी के निर्देश पर उसे 15 जुलाई को एकतरफा कार्यमुक्त करने के साथ ही उसका वेतन पत्रक व सर्विस बुक पं.रेवती रमण कॉलेज सूरजपुर भेज दी। विभाग के सख्त निर्देश पर अंततः सहायक प्राध्यापक को नए कार्यस्थल पर कार्यभार संभालने के लिए जाना पड़ा। इस संबंध में प्राचार्य डॉ.खालिद हुसैन ने बताया कि आयुक्त उच्च शिक्षा के निर्देश पर सोमवार को सहायक प्राध्यापक डॉ.अखिलेश कुमार द्ववेदी को एक तरफा कार्यमुक्त कर दिया गया है। उनके दुर्व्यवहार एवं मनमानी से कॉलेज का माहौल खराब हो रहा था।



## बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति की बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कांवरियों की निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था तथा सावन मास में छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले कांवरियों की निशुल्क व्यवस्था के लिए चर्चा की गई।


सावन मास में भगवान भोले शंकर के ज्योतिर्लिंग के रूप में विराजमान बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक करने हेतु झारखंड के देवघर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है। प्रदेश के अंतिम छोर झारखंड सीमा से लगे रामानुजगंज से होकर विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में शिव भक्त बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा करते हैं। रामानुजगंज वासियों द्वारा नपं अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में इस वर्ष भी बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और जलपान की निःशुल्क व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। बाबा बैजनाथ धाम यात्रा करने वाले कांवरियों की सेवा के लिए गठित बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति की बैठक पंडित दीनदयाल मांगलिक भवन में कांवरिया सेवा समिति के संयोजक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की अध्यक्षता में तथा समिति के पदाधिकारी नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मिति से इस वर्ष पुनः कांवरियों की सेवा करने का निर्णय लिया गया। नगर वासियों ने एक स्वर में कहा कि पूरे रामानुजगंज के लिए सौभाग्य की बात है कि सावन मास के पवित्र दिनों में बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं के सेवा का मौका मिल रहा है। इस दौरान समिति के सुभाष केसरी, एसपी निगम, टीआर शर्मा, अशोक केसरी, रामाशंकर दूबे, आरएस तिवारी, विपिन पाठक, अजय केसरी, अजय गुप्ता, मुकेश जायसवाल, प्रमोद कश्यप, विजय रावत, अजय जायसवाल, राजू केशरी, अनूप कश्यप, पवन गुप्ता, बबन सिंह, राज किशोर पाल, महेश अग्रवाल, जगरनाथ गुप्ता, दामोदर मिश्रा, विनोद गुप्ता, अंकित गुप्ता, रामध्यान गुप्ता, बहादुर सिंह, पारस ठाकुर, विनोद राहगीर, अनिल पासवान, विपुल सिंह, रामाशीष मेहता, संजय कश्यप, आशीष गुप्ता, निशांत गुप्ता, ललन पासवान, ओम गुप्ता, चंदन गुप्ता, रूपेश सोनी अनिल कुशवाहा, अनिल प्रजापति, सोनू चौबे, अरविंद कुमार, सिमल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित थे।

## खबर प्रकाशन के बाद क्रेडा ने बनवाई पानी की टंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

खबर का असर

एक महीने से फूटी हुई सोलर पानी टंकी को विभाग ने अंततः दुरुस्त करा लिया है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन के बाद विभाग के अधिकारी हरकत में आए और सोलर टंकी के मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया गया। बता दें कि विकासखंड के ग्राम कोटा गहना चौक पर दो वर्ष पूर्व क्रेडा विभाग द्वारा लगाए गए सोलर पानी टंकी में छेद हो गया था। पानी टंकी पिछले एक डेढ़ माह से क्षतिग्रस्त था और क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। ऐसे में ग्रामीणों को खासी परेशानी हो रही थी। क्षतिग्रस्त टंकी में पानी भरना संभव नहीं था। टंकी में पानी भरने पर ज्यादातर पानी अनावश्यक बर्बाद हो रहा था और आस पास के किसानों की खेत में पहुंचकर उनकी फसलों को



नुकसान पहुंचा रहा था। ग्रामीणों द्वारा पानी टंकी मरम्मत को लेकर विभाग को शिकायत दी गई थी लेकिन विभाग ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। ऐसे में हरिभूमि द्वारा क्रेडा विभाग के सोलर पानी टंकी में हुई छेद व ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। खबर प्रकाशन के बाद क्रेडा विभाग के अधिकारी हरकत में आए और टंकी के मरम्मत का कार्य किया गया जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## विधायक ने ग्रामीणों को दी शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोड़ीमोड़

प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते आज ग्राम पंचायत करसी पहुंची जहां ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी और शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी।



विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते ने राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन से संबंधित सभी कार्यों को कैंप लगाकर करने का बात कहीं। उन्होंने कहा कि जनता को किसी प्रकार का परेशानी नहीं होने देंगे, डबल इंजन की सरकार है और बजट की कोई दिक्कत नहीं है जिसका सीधा लाभ जनता तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी जनता को परेशान नहीं करेंगे यदि कोई परेशान करता है तो उसे हम भी परेशान करेंगे। आज सबसे ज्यादा परेशान गरीब किसानों को होती है। नामांतरण, सीमांकन जैसे कार्य को लेकर गरीब किसान पटवारी का चक्कर लगाते रहते है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा प्रतापपुर तहसील में एक कर्मचारी का रिश्वत मांगने का शिकायत ग्रामीणों से मिली है। इस संबंध में एसडीएम से चर्चा की गई है। प्रतापपुर से राजपुर मार्ग में ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण किया जा रहा था जिसकी शिकायत कलेक्टर से कर राशि में कटौती कराया गया है। इस दौरान अक्षय तिवारी, प्रफुल्ल गुप्ता, अरविन्द जायसवाल, अंबिका जायसवाल, निलेश, मुकेश तायल, विश्वजीत पैकरा, विक्रम नामदेव, कमल राजवाड़े, विक्रम प्रताप सिंह, रोहित मानिकपुरी, सावित्री पैकरा, बिंतु पैकरा, दामोदर पैकरा, धर्मेंद्र पैकरा, अम्लेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- नगरीय निकाय कर्मचारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

नगरीय निकाय के कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान समेत अन्य समस्याओं को लेकर नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी संघ ने विधायक के नाम ज्ञापन सौंपा है। संघ के समस्याओं से विधायक को अवगत कराते हुए शासन से लंबित वेतन भुगतान की मांग की है और मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में 29 जुलाई को हड़ताल की चेतावनी दी है। नगरीय निकाय कर्मचारियों ने बताया कि निकाय में काम करने वाले कर्मचारियों के वेतन की समस्या वर्षों से बनी हुई है। निकायों में एक से लेकर चार माह तक कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया जा रहा है। प्रतिमाह लंबित भुगतान की मांग लम्बे समय से की जा रही है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। वेतन भुगतान नहीं होने से नियमित व प्लेसमेंट कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे है। नगरीय निकाय महासंघ की बैठक में प्रदेश व जिला स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन व प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई है। योजना के तहत 18 व 19 जुलाई को सम्पूर्ण निकायों में कर्मचारियों द्वारा दो दिवस काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध जताया जाएगा और 22 जुलाई को अधिकारी कर्मचारी संघ एक दिवसीय कमलबंद हड़ताल करेंगे जबकि इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता है तो 29 जुलाई को एक सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व हड़ताल किया जाएगा। इस दौरान उप अभियंता मुकेश दुबे, लिपिक दयाशंकर गुप्ता, अनुराग तिवारी, जय सिंह आदि मौजूद थे।



### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हुई हाउस होल्डर्स की बैठक

**अम्बिकापुर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आज अटल बिहार योजना सरगवां के हाउस होल्डर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से हेमेन्द्र मिश्रा अध्यक्ष चुने गए। सचिव अशोक पांडेय, कोषाध्यक्ष अजय चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष प्रमोद श्रीवास्तव, जगदम्बा पाठक, सह सचिव चंद्रभूषण पांडेय, मीडिया प्रभारी अशोक विश्वकर्मा को बनाया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में संजय गुप्ता, प्रमेन्द्र यादव, आरके खरे हैं। कार्यकारिणी समिति की गठन के बाद कॉलोनी के समस्याओं एवं अधूरे निर्माण तथा बाउंड्रीवाल निर्माण को लेकर चर्चा की गई।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736